Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to make Kali river, a tributary of river Ganga, pollution free - Laid

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर से निकल कर मेरठ एवं हापुड जनपद होते हुए कन्नौज में जाकर गंगा में मिलने वाली (कृष्णा) नदी की स्थिति घरेलू सीवेज, अवैध पशु कटान के अपशिष्ट तथा औद्योगिक प्रदूषण के कारण अत्यंत चिंतजानक है। गंगा की सहायक नदी होने के कारण भारत सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना नमामि गंगे में काली नदी को सम्मिलित किया जा चुका है। गंगा के निर्मल एवं अविरल प्रवाह के लिए नमामि-गंगे के अंतर्गत अनेक उपाय किये जा रहे हैं। अभी हाल में नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा (NMCG) को कार्यकारी समिति ने 1573.28 करोड़ रूपये की 10 परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की है परंतु काली नदी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए कोई परियोजना/उपाय अभी तक प्रत्यक्ष प्रारंभ नहीं हुए हैं।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि गंगा की सहायक नदी काली नदी को गंभीर प्रदूषण से मुक्ति दिलाने के लिए अपेक्षित परियोजनाओं/उपायों को प्राथमिकता के साथ प्रारंभ करने के संबंधित अधिकारियों को आदेश करने की कृपा करें ताकि केंद्र सरकार की घोषणा के अनुरूप निर्मल व अविरल गंगा का संकल्प साकार हो सके।